जनसुनवाई में पहुंची सहकारी समिति के भ्रष्टाचार की शिकायत

घंसौर नवभारत। जिले के घंसौर विकासखंड में हुए बहुचर्चित खाद वितरण में अनियमितताएं पाए जाने के बाद लगातार शिकवा शिकायतों का दौर चल रहा है लगातार किसानों द्वारा आदिम जाति सेवा सहकारी समिति घंसौर की जांच के संबंध में शिकायतें की जा रही है तो दूसरी ओर गोंडवाना गणतंत्र पार्टी द्वारा भी लगातार इस मामले को लेकर शिकायतें की जा रही हैं।

गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के ब्लॉक अध्यक्ष कैलाश भलावी ने की जांच की मांग

आदिम जाति सेवा सहकारी समिति घंसौर में सामने आया जिंक घोटाला

फसल कर चुके 12 किसानों के नाम पर काट दिया 60 बोरी जिंक का परमिट

घंसौर नवभारत। जिले के घंसौर विकासखंड में आदिम जाति सेवा सहकारी समिति घंसौर में खाद वितरित किए जाने को लेकर बड़े खेल का खुलासा सामने में आया जहां 6 फरवरी 2026 को पिकप वाहन क्रमांक mp 135u 9196 में जिंक एवं बोरान की लगभग 60-60 ऐसे किसानों के नाम पर निकाल दी गई जो महीनों से क्षेत्र से पलायन करके बाहर रोजगार की तलाश में गए हुए हैं ऐसा एक मामला भी सुनने में आया है कि जिन 12 किसानों

जिसके बाद प्रशासक के सिग्नेचर से कुछ पर्चियां निकाली जाती हैं जिनके आधार पर ही किसानों को खाद मिलती है वहीं यह मामले में समिति से जुड़े एक कंप्यूटर ऑपरेटर की भी संलिप्तता देखी जा रही है जो परमिट जारी करने का पूरा काम देखता है और उनके एक आदमी के द्वारा खाद की बोरियां बाजार में बेची जाती हैं और 6

फरवरी को भी यही हुआ शुरुआती पड़ताल में सामने आया है कि 12 किसानों में से 10 किसान क्षेत्र में

सांसद के सामने प्रशासक से किसानों की तीखी बहस

कुलस्ते बोले जांच करवा लेते है : घंसौर में बहुचर्चित खाद घोटाले को लेकर किसानों ने सौंपा ज्ञापन

घंसौर नवभारत। घंसौर में बहुचर्चित खाद वितरित में लापरवाही मामला अब सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते के पास पहुंच गया है रविवार को किसानों एवं गोंडवाना गणतंत्र पार्टी द्वारा सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते को ज्ञापन देकर यह पूरा मामला उनके संज्ञान में आया गया जहां आदिम जाति सेवा सहकारी समिति के प्रशासक एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष पति सुभाष यादव का कुलस्ते द्वारा बचाव करते हुए किसानों को कहा गया है इस मामले की जांच करवाएंगे। रविवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं मंडला सिवनी सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते विकसित भारत जी राम जी योजना के लिए आयोजित कार्यशाला में शिरकत करने पहुंचे हुए थे।

यह कार्यक्रम जनपद पंचायत घंसौर एवं घंसौर का सम्मिलित कार्यक्रम था इसी दौरान किसानों ने सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते से बात कर रहे थे इसी दौरान आदिम जाति सेवा सहकारी समिति के प्रशासक एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष दीपमाला यादव के पति सुभाष यादव और किसानों के बीच सांसद के ही सामने तीखी बहस भी देखने मिली हालांकि बाद में कुलस्ते ने समझाइश देते हुए किसानों को आश्वस्त किया कि जल्द ही इस मामले की जांच करवाएंगे।

विकसित भारत जी राम जी योजना की कार्यशाला में नहीं पहुंचे एस डी एम, तहसीलदार सहित सीईओ

रविवार को जनपद पंचायत घंसौर में आयोजित विकसित भारत जी राम जी योजना की कार्यशाला में करने को तो दो दो जनपद पंचायतों का यह पूरा आयोजन था आयोजन सफल भी रहा परंतु न तो इस कार्यक्रम में दोनों जनपद पंचायतों में सीईओ का कार्यभार संभाल रहे सीईओ ओमकार सिंह ठाकुर दिखाई दिए न ही एस डी एम तहसीलदार ने इस आयोजन में पहुंचने की जहमत उठाई अब सवाल यह उठता है कि जिस कार्यक्रम में क्षेत्रीय सांसद उपस्थित रहे उस कार्यक्रम में सीईओ एस डी एम और तहसीलदार आखिर क्यों गायब थे जानकार सूत्र बताते हैं कि इन दिनों इन तीनों अधिकारियों को अपसराओं का भूत सिर चढ़कर बोल रहा है जहां एस डी एम विक्रम सिंह ठाकुर खाद घोटाले को लेकर लगातार कैमरे से बचते नजर आ रहे हैं तो दूसरी ओर तहसीलदार भी एस डी एम के नक्शेकदम पर चलते नजर आ रहे हैं अफसर शाही की दौड़ में अब नया नाम सीईओ ओमकार सिंह ठाकुर ने भी जुड़ना लिया जो कोई नई बात नहीं है एक ओर इस कार्यक्रम को लेकर भाजपा में जुड़े लोग इसे सफल आयोजन बताने की कोशिश कर रही है तो दूसरी ओर क्षेत्रीय लोग इसे भाजपा सरकार की नाकाही अपसराशाही का बीभत्सव उदाहरण बता रही हैं अब देखने वाली बात यह होगी कि जिला कलेक्टर इन अधिकारियों से यह पूछने की जरूरत उठाएंगे की आखिर इन अधिकारियों ने कार्यक्रम से दूरियां क्यों बनाई।

मामले में नया मोड़ तब आया जब गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के ब्लॉक अध्यक्ष कैलाश भलावी द्वारा मंगलवार को कलेक्टर शीतला पटले से मुलाकात करके उक्त मामले में जांच करवाए जाने की शिकायत की गई कैलाश भलावी के अनुसार जनसुनवाई में अधिकारियों द्वारा जल्द से जल्द उक्त मामले की जांच कराए जाने के लिए आश्वासन दिया गया है। इस पूरे मामले को लेकर अधिकारियों द्वारा गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के ब्लॉक अध्यक्ष कैलाश भलावी को कहा गया है कि वे पंद्रह दिन के अंदर इस मामले की निष्पक्ष जांच कराएंगे आपको बता दें कि 6फरवरी 2026 को 12 किसानों के नाम से निकाली जिंक के एक पिकप वाहन में लोड होने और मौके पर कोई किसान नहीं मिलने के बाद प्रकाश में आया जहां बाद में पड़ताल में यह पता चला कि उक्त मामले में प्रशासक सुभाष यादव द्वारा अपने घर से बैठकर किसानों के नाम से पर्चियां निकाली जाती थी जिसके बाद कार्यालय में बैठे ऑपरेटर गणेश यादव और उनके कुछ साथियों द्वारा फर्जी किसानों के नाम से खाद निकालकर पूरा खेल किया जाता था।

इस मामले में एक बाहरी व्यक्ति प्रतापगढ़ निवासी मुकेश यादव का भी नाम सामने आ रहा है जो किसानों के घर जाकर उनसे खाद निकलवाने में नाम से उनके कागज एकत्रित करता था और फिर बाद में उन्हीं कागजों की कई बार फोटोकॉपी करवाकर कई बार किसानों के नाम पर खाद निकाली जाती थी इस पूरे मामले में गोंडवाना गणतंत्र पार्टी द्वारा लगातार जांच कराए जाने के लिए शिकायतें की जा रही है इसी क्रम में गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के ब्लॉक अध्यक्ष 17 जनवरी मंगलवार को जिला कलेक्टर की जनसुनवाई में पहुंचे और शिकायत की।

जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी सदानंद जी महाराज का दिव्य प्रवास

सिवनी नवभारत। जिले की पुण्यभूमि इन दिनों आध्यात्मिक चेतना से आलोकित है। सनातन परंपरा के महान संवाहक, जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी सदानंद जी सरस्वती महाराज का सिवनी जिले में पावन प्रवास चल रहा है। इस दौरान वे द्वारकाधीश मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा के भव्य और दिव्य आयोजन की तैयारियों को सूक्ष्मता व आत्मिक भाव से स्वयं देख-परख रहे हैं। महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर गुरूरत्नेश्वर धाम में उनके सानिध्य में आयोजित अनुष्ठान अत्यंत भव्य, श्रद्धा और शिवत्व से परिपूर्ण रहे। पूरा क्षेत्र हर-हर महादेव के उद्घोष से गूंज उठा और श्रद्धालु स्वयं को धन्य अनुभव करते दिखे। जगद्गुरु शंकराचार्य जी अपने आराध्य गुरुदेव ब्रह्मलीन शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद जी महाराज की तपस्थली के दर्शन हेतु भी पहुंचे। वहां से वापसी के दौरान सोमवार, 16 फरवरी को पौंड़ी ग्राम स्थित प्रतिष्ठित राय परिवार में उनका दिव्य आगमन हुआ। राय परिवार द्वारा पादुका पूजन कर गुरु चरणों की वंदना की गई। महाराज श्री ने परिवारजनों सहित उपस्थित श्रद्धालुओं को करुणामय आशीर्वाद प्रदान किया। इसके पश्चात ग्राम गरठिया में पांडे परिवार के यहां भी आपश्री का पावन पदार्पण हुआ, जहां भक्ति-भाव से पादुका पूजन संपन्न हुआ।

पूज्य शंकराचार्य जी ने सहज संतोष आश्रम (सीलादेही) में चल रही द्वारकाधीश मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा की तैयारियों का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने भाव-विभोर शब्दों में कहा कि यह आयोजन ब्रह्मलीन गुरुदेव स्वामी स्वरूपानंद जी महाराज की पावन स्मृति और उनकी सदइच्छा का मूर्त रूप है। इसे भव्य और दिव्य बनाना हम सभी गुरु-भक्तों, श्रद्धालुओं और जिलेवासियों का परम कर्तव्य है।

उन्होंने बताया कि 21 फरवरी से प्राण-प्रतिष्ठा समारोह का भव्य शुभारंभ होगा, जिसमें दूर-दूर से संत, विद्वान और श्रद्धालु सम्मिलित होंगे। पूज्य स्वामी सदानंद जी महाराज 19 फरवरी तक सहज संतोष आश्रम में विराजमान रहेंगे। इस अवधि में श्रद्धालु जगद्गुरु शंकराचार्य जी के दर्शन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त कर सकेंगे। इसके अतिरिक्त 17 फरवरी को सिवनी नगर में आयोजित विभिन्न धार्मिक आयोजनों में भी उनकी पावन उपस्थिति रहेगी।

बैनगंगा नदी में ना हो जहरीली खेती, जिला प्रशासन की अपील

कुछ वर्षों से नदी का जलस्तर कम होते ही अवैध रूप से नदी में की जाती हैं खेती सिंचाई विभाग मूकदर्शक बना कभी कार्यवाही नहीं होने से कब्जाधारियों के हौंसले बुलंद

छपारा नवभारत। नगर के समीप से होकर गुजरने वाली पतित पावन बैनगंगा नदी जो क्षेत्रीय जनों के लिए जीवनदायिनी है जिसमें बीते कुछ वर्षों से नदी का जलस्तर कम होते ही कुछ लोग अवैध रूप से नदी में ही खेती कर रहे हैं,साथ ही बड़ी मात्रा में कीटनाशक दवाओं का छिड़काव कर फसलों को पैदा किया जा रहा है। जिससे बैनगंगा नदी का पानी मानव जीवन सहित अनेक जलीय जीव जंतु के लिए हानि कारक हो जाता है, कीटनाशक दवाओं के प्रभाव में आकर अनेकों जीव जंतुओं का जीवन भी नष्ट हो जाता है। साथ ही उक्त नदी का जल नगर सहित आधे जिले में पीने के लिए सप्लाई होता है, जिसका प्रभाव यह है कि छपारा नगर में वर्ष भर सर्वाधिक टायफाइड से पीड़ित मरीज देखने में आते है। किंतु अत्यधिक अनाज उत्पादन की होड में इन सभी बातों को दरकिनार कर बेधड़क बड़े पैमाने पर नदी के बीचों बीच खेती कई वर्षों से की जा रही है। जिस पर रोक लगाने में स्थानीय प्रशासन नाकाम रहा हैं। हाल के दिनों में सिंचाई हेतु तेजी से भीमगढ जलाशय से पानी छोड़ा जा रहा है जिससे नदी का जलस्तर तेजी से घट रहा है।वही अवैध रूप से खेती करने वाले किसान इस खाली भूमि पर नजर गढ़ाए हुए हैं और आगामी कुछ ही दिनों बाद फसल बोने के लिए तैयारी में बैठे हुए हैं जिसे लेकर नगर के गणमान्य नागरिक से लेकर जागरूक नागरिकों ने जिला कलेक्टर से अपील की है कि बैनगंगा नदी में अवैध रूप से खेती को रोक लगाई जाए जिससे नदी क्षेत्र पर किए जाने वाली विषैली खेती कार्य पर अंकुश लगाई जाए।

अखिल भारतीय सिविल सेवा क्रिकेट प्रतियोगिता का नई दिल्ली में हुआ शुभारंभ

उगली नवभारत। संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण, मध्यप्रदेश द्वारा जारी आदेश के अनुसार वर्ष 2025-26 की अखिल भारतीय सिविल सेवा क्रिकेट प्रतियोगिता 17 फरवरी से नई दिल्ली में प्रारंभ हो गई है, जो 26 फरवरी तक आयोजित की जाएगी। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश सिविल सेवा क्रिकेट टीम हिस्सा ली। प्रतियोगिता के मुकाबले दिल्ली के विभिन्न मैदानों भारत नगर क्रिकेट ग्राउंड (अशोक विहार), विकासपुरी क्रिकेट ग्राउंड, सेंट्रल सेक्रेटेरिएट क्रिकेट ग्राउंड (चाणक्यपुरी) एवं शकुरपुर क्रिकेट ग्राउंड में खेले जाएंगे।

16 खिलाड़ियों का चयन

चयन समिति की अनुशंसा पर प्रदेश टीम के लिए विभिन्न विभागों से 16 खिलाड़ियों का चयन किया गया है। टीम में लोक निर्माण, शिक्षा, राजस्व, स्वास्थ्य, वन सहित अन्य विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल हैं।

चयनित खिलाड़ी, कोच एवं मैनेजर 14 फरवरी से 28 फरवरी 2026 तक शासकीय कार्य पर रहेंगे तथा प्रतियोगिता के दौरान मध्यप्रदेश सिविल सेवा आचरण नियम 1965 का पालन करेंगे।

निलेश राहंगडाले विशेष आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं

कोच एवं प्रबंधन टीम घोषित-

टीम के मैनेजर के रूप में जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी श्री जोसेफ बक्सला को नियुक्त किया गया है। वहीं श्री एम. के. धोलपुरी को बॉलिंग कोच तथा श्री इन्द्रजीत शिंदे को बैटिंग कोच की जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रतियोगिता उपरांत टीम मैनेजर द्वारा विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाएगा।

सिवनी के लिए गौरव क्षण

राष्ट्रीय स्तर की इस प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करना प्रदेश के लिए गर्व का विषय है। विशेष रूप से सिवनी जिले के शिक्षक निलेश राहंगडाले का चयन युवाओं के लिए प्रेरणादायक है। अब सबकी निगाहें नई दिल्ली में जारी मुकाबलों पर टिकी हैं। उम्मीद की जा रही है कि मध्यप्रदेश की टीम शानदार प्रदर्शन कर प्रदेश का नाम रोशन करेगी और इस अभियान में निलेश राहंगडाले की भूमिका महत्वपूर्ण साबित होगी। इस बार 16सदष्यीय क्रिकेट दल में 9बल्लेबाज बतौर आलरांउडर अपने मजबूत इरादों के साथ इस प्रतियोगिता में भागेदारी कर रही है, जिले के तीन शासकीय कर्मचारी का चयन हुआ है.

प्रदेश टीम में शिक्षा विभाग से तीसरी बार पुन : हुये निलेश चयनित

(विक्की)राहंगडाले विशेष आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। ये क्रिकेट जगत के लिये उगली केवलारी में क्रिकेट के प्रति अपने समर्पण और लगन के दम पर एक आलराउंडर खिलाडी की भूमिका में मुख्य रुप से तेज गेंदबाजी करते है, और वर्तमान में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, केवलारी (जिला सिवनी) में पदस्थ हैं। प्रयोगशाला सहायक से शिक्षक तक की अपनी सेवा यात्रा के साथ उन्होंने खेल के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय पहचान बनाई है। विद्यालयीन स्तर से लेकर विभागीय प्रतियोगिताओं तक उनके निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन ने उन्हें प्रदेश टीम में स्थान दिलाया है। अभी हाल में हुई राबिन राउंड क्रिकेट प्रतियोगिता में तुफानी शतक के साथ अपनी टीम के लिये एक मिशाल पेश की,उनके चयन से सिवनी जिले में उत्साह का वातावरण है, और सहकर्मी शुभचिंतक व विद्यार्थी उन्हें शुभकामनाएं दे रहे हैं। खेल विशेषज्ञों का मानना है,कि श्री राहंगडाले तकनीकी समझ, अनुशासन और टीम भावना मध्यप्रदेश टीम को मजबूती प्रदान करेगी। वे ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए जाने जाते हैं और दबाव की परिस्थितियों में संयम बनाए रखने की क्षमता रखते हैं।

खैरमाई मंदिर में विशाल शोभायात्रा के साथ प्रारंभ हुई श्रीमद भागवत कथा

केवलारी नवभारत। नगर के खेरमाई मंदिर परिसर में पंडित श्री नवीन कृष्ण दुबे जी महाराज के मुखारबिंद से श्रीमद भागवत कथा का भव्य आयोजन विधिवत रूप से प्रारंभ हो गया। कथा के प्रथम दिवस विशाल एवं आकर्षक शोभायात्रा के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन उत्साहपूर्वक शामिल हुए। शोभायात्रा का शुभारंभ बाजार चौक स्थित दुर्गा मंदिर में विधिवत पूजन-अर्चन के साथ किया गया। पूजा-अनुष्ठान के पश्चात यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों— चांदनी चौक, बस स्टैंड, उगली नाका, ब्लॉक कॉलोनी सहित अन्य मुख्य मार्गों से होकर गुजरी। यात्रा मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं एवं नगरवासियों द्वारा पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया।

बैंड-बाजों की मधुर ध्वनि और भक्तिमय भजनों से पूरा नगर भक्तिरस में सराबोर हो उठा। श्रद्धालु महिलाएं सिर पर कलश धारण कर भक्ति भाव से शोभायात्रा

में सम्मिलित हुईं, जिससे आयोजन की गरिमा और भी बढ़ गई। नगर में चारों ओर आध्यात्मिक वातावरण निर्मित हो गया और लोगों में विशेष उत्साह देखने को मिला। कथा आयोजन समिति नवदुर्गा महिला मंडल द्वारा समस्त क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर श्रीमद भागवत कथा का रसपान करने एवं धर्मलाभ अर्जित करने की अपील की गई है।

भारत विस्तार एआई ऐप का हुआ शुभारंभ

सिवनी नवभारत। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को एआई आधारित भारत विस्तार एआई ऐप का शुभारंभ किया। जिले में कृषि विज्ञान केंद्र सिवनी में इस लॉन्चिंग कार्यक्रम का लाइव प्रसारण दिखाया गया, जिसे बड़ी संख्या में उपस्थित किसानों ने देखा और सराहा। कार्यक्रम में वैज्ञानिकों ने किसानों को ऐप की उपयोगिता के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बताया गया कि यह ऐप बहुभाषी है और किसानों को उनकी स्थानीय भाषा में खेती से जुड़ी जानकारी उपलब्ध कराएगा। भारत विस्तार एग्रीस्टैक पोर्टल को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की वैज्ञानिक सिफारिशों से जोड़ता है। ऐप की मदद से किसान रियल-टाइम मौसम अपडेट, बुवाई और सिंचाई की सही समय पर सलाह, कीट एवं रोग की पहचान और नियंत्रण उपाय प्राप्त कर सकेंगे। साथ ही बाजार भाव और सरकारी योजनाओं की जानकारी भी एक ही प्लेटफॉर्म पर मिलेगी। यह पहल विशेष रूप से छोटे और मंझोले किसानों के लिए लाभकारी है।

अधिवक्ता प्रीमियर लीग : 21 को महिला और 22 को पुरुष वर्ग का होगा महामुकाबला

सिवनी नवभारत। खेल और भाईचारे के प्रतीक अधिवक्ता प्रीमियर लीग के छठे सीजन का रोमांच अपने अंतिम पड़ाव पर पहुँच गया है। पीजी कॉलेज ग्राउंड, भैरोगंज में लेदर बॉल से खेले जा रहे इस टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबलों की रूपरेखा तय हो गई है। आगामी 21 फरवरी को महिला अधिवक्ताओं के बीच खिताबी जंग होगी, वहीं 22 फरवरी को पुरुष वर्ग का बहुप्रतीक्षित फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। पुरुष वर्ग के फाइनल से एक दिन पहले, यानी 21 फरवरी को महिला अधिवक्ताओं का फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। यह मुकाबला टीम ब्लू और टीम ब्लैक के बीच होगा। आयोजन समिति का मानना है कि महिला अधिवक्ताओं की खेल मैदान पर यह सक्रियता अन्य क्षेत्रों के लिए भी प्रेरणादायक है।22 फरवरी को सुबह 10 बजे से शुरू होने वाले इस महामुकाबले की गरिमा बढ़ाने के लिए न्याय जगत की कई बड़ी हस्तियाँ शिरकत करेंगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जबलपुर हाईकोर्ट के माननीय न्यायाधिपति विशाल धगत होंगे।

विशिष्ट अतिथियों में राधेलाल गुप्ता- अध्यक्ष, मध्य प्रदेश स्टेट बार एसोसिएशन। आर.के. सैनी- उपाध्यक्ष, राज्य अधिवक्ता संघ। सतीश चंद्र राय- जिला एवं सत्र न्यायाधीश, सिवनी। पंकज जैन- जिलाध्यक्ष, जिला अधिवक्ता संघ उपस्थित रहेंगे। इनके अलावा जिले के अन्य न्यायाधीशगण, वरिष्ठ अधिवक्ता और जिला अधिवक्ता संघ के पदाधिकारी भी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने मैदान पर मौजूद रहेंगे। आयोजन समिति एवं जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष पंकज जैन, उपाध्यक्ष अलाउद्दीन खान, सचिव हीरालाल जार्ज, सह सचिव ऋषभपाल बघेल और कोषाध्यक्ष श्रीराम बघेल ने जिले के खेल प्रेमियों और अधिवक्ता साथियों से अपील की है कि वे 21 और 22 फरवरी को भारी संख्या में पीजी कॉलेज ग्राउंड पहुँचकर खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाएं ।

सेमीफाइनल का रोमांच : ऑरेंज और ब्राउन ने मारी बाजी

मीडिया प्रभारी अधिवक्ता वीरेंद्र शर्मा ने बताया कि टूर्नामेंट के सेमीफाइनल मुकाबले बेहद संघर्षपूर्ण रहे। पहला सेमीफाइनल- एडवोकेट 11 ब्लैक और एडवोकेट 11 ऑरेंज के बीच खेला गया। इस कड़े मुकाबले में ऑरेंज टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ब्लैक टीम को शिकस्त दी और फाइनल का टिकट कटाया। दूसरा सेमीफाइनल- एडवोकेट 11 ब्राउन और एडवोकेट 11 ब्लू के बीच हुआ। इस मैच में ब्राउन टीम का दबदबा देखने को मिला, जहाँ उन्होंने ब्लू टीम को करारी शिकस्त देते हुए खिताबी मुकाबले में अपनी जगह सुरक्षित की। अब 22 फरवरी को टीम ब्राउन और टीम ऑरेंज के बीच इस सत्र की सबसे बड़ी भिड़ंत होगी ज्ञातव्य है कि टीम ब्राउन के मेंटर कीर्ति शंकर शर्मा एवं टीम ऑरेंज के मेंटर अवधेश अवस्थी है।

परोपकार जीवन का सदुपयोग है : ऐलक श्री नम्र सागर

सिवनी नवभारत। स्वयं का सुधार ही जगत का उद्धार है हमारी गलतियाँ हमको महानता की उपलब्धि से वंचित रखती हैं जो व्यक्ति हमेशा सेवा के लिए तैयार रहता है वही मजबूत दिल का हो सकता है सेवा करने का अर्थ ही होता है कष्ट उठाना क्योंकि किसी के कष्ट मिटाना है तो आपको भी कुछ कष्ट उठाना ही होगा । उक्त विचार आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के संघस्त ऐलक श्री नम्र सागर जी महाराज जी ने जैन धर्मशाला लखनादौन में आयोजित धर्म सभा को संबोधित करते हुए कहा ज्ञात हो नम्र सागर जी महाराज बड़े जैन मंदिर के पास जैन



धर्मशाला में विराजमान हैं यहां प्रतिदिन 9:00 बजे से 10:00 तक प्रवचन होते हैं ।

महाराज जी ने बताया मनुष्य सुविधाओं की तलाश में जिंदगी खत्म कर देता है भौतिक सुख संसाधन का भंडार बन चुका है मनुष्य जिंदगी मार्केट बन चुकी है सुबह से शाम तक केवल हिसाब ही हिसाब है सुविधाओं में रहना ही जिंदगी नहीं है प्रसन्नता भी जरूरी है असंतुष्ट जीवन में प्रसन्नता कहां? अपनी असंतुष्टि का निराकरण आप स्वयं की समझदारी से ही कर सकती हैं कोई मशीन अथवा मेडिसिन दवा से संतुष्टि नहीं प्राप्त की जा सकती ।पूज्य महाराज जी ने कहा कि आपके जीवन का उद्देश्य क्या है पैसा कमाना पैसा कमाने का भी उद्देश्य होता है स्वयं का निर्वाह और दूसरे का परोपकार केवल मनी कलेक्शन ही सच्ची अमीर नहीं है परोपकार के नाम पर धन का दान ही अमीरी का सही मजा है

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज ने मूक माटी महाकाव्य में लिखा है जीवन का उद्देश्य परमार्थ समृद्धि है अपनी प्रसिद्धि नहीं परमार्थ समृद्धि का अर्थ आध्यात्मिक जीवन अहिंसासेवा परोपकार व न्याय पूर्ण दिनचर्या स्वयं को फेमस कर कर आखिर आप क्या हासिल करना चाहते हैं जितना समय आप अपनी प्रसिद्धि के लिए लगाते हैं उतना समय आप अगर परोपकार में लगाएंगे तो लाखों के कष्ट मिटाएंगे अपने नाम की प्रसिद्ध की चाहत मनुष्य की सबसे बड़ी हार है।

परेशानी स्थानीय प्रशासन और पुलिस विभाग की मौन स्वीकृति, वर्तमान समय में धड़ल्ले से शादियों में देर रात तक बजाए जा रहे हैं नगर में डीजे साउंड

देर रात तक बज रहा डीजे, परीक्षा के समय विद्यार्थियों को हो रही परेशानी

छपारा नवभारत। वर्तमान समय में फरवरी माह से बोर्ड क्लॉस की परीक्षाये शुरू हो चुकी हैं वहीं दूसरी ओर शादी, विवाह के सीजन के चलते देर रात डीजे और तेज आवाज के कौलाहल के चलते बच्चों की पढ़ाई मैं व्यवधान आ रहा है।

ज्ञात हो कि प्रदेश में कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी हो जाने के बावजूद छपारा नगर के अनेकों सार्वजनिक स्थानों एवं वैवाहिक लानो में फुल वॉल्यूम में डीजे साउंड बजाए जा रहे हैं जिससे बोर्ड परीक्षाओ की तैयारी कर रहे छात्र छात्राओं को परीक्षा की तैयारी करने में परेशानी की का समाना करना पड़ रहा है,वही प्रदेश सरकार के साथ जिला प्रशासन ने भी प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है



जिसमे रात्रि 10 बजे से सुबह 6 बजे तक हैं, परंतु कार्यक्रम आयोजन कर्ताओं की ओर से इसकी कोई परवाह नहीं की जा रही है,और वही दूसरी ओर स्थानीय स्तर पर इस ओर पुलिस विभाग और स्थानीय प्रशासन भी कोई कार्यवाही नही करने से लोगो के हौसले बुलंद हो रहे है। जिसे लेकर स्थानीय प्रशासन एवं जिला प्रशासन से छात्र छात्राओं के परिजनों की ओर से मांग की गई है कि जल्द से जल्द इस और ध्यान देते हुए उपयुक्त कार्यवाही की जानी चाहिए।

देर रात तक शहर व ग्रामीण अंचल में डीजे व अन्य ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग होने के कारण लोग परेशान हैं। जिला प्रशासन द्वारा जिले में कोलाहल अधिनियम लागू किए जाने के बाद भी इसका असर होते नहीं दिख रहा। इन दिनों स्कूलों में छात्रों की वार्षिक परीक्षाएं चल रही हैं, जिन्हें पढ़ाई करने में काफी परेशानी हो रही है। लोगों का कहना है कि नियम का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई की जाए।

शहर व गांव में देर रात तक डीजे और धुमाल पार्टी का शोर शराबा परेशान कर रहा है। स्थानीय प्रशासन द्वारा इस संबंध में किसी तरह की पहल नहीं किए जाने से लोग काफी परेशान हैं।कोलाहल अधिनियम के तहत प्रशासन से अनुमति लेकर एक निश्चित आवाज में ही ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग किया जा सकता है, पर इस नियम का उल्लंघन शहर व गांव में खुलेआम उल्लंघन हो रहा है। चाहे दिन हो या रात निर्धारित मापदंड से अधिक आवाज में डीजे और धुमाल पार्टी की शोर सुनी जा सकती है।विवाह, आभार रैली और अन्य सामाजिक आयोजनों में खुलकर ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग हो रहा है। तेज आवाज के कारण लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

शोरगुल पर लगे रोक। नगर के पालक रामगोपाल, नीलकंठ, मोहन,रामप्रसाद का कहना है कि बच्चों की इन दिनों पढ़ाई चल रही है। ऐसे में देर रात तक डीजे बजाना उचित नहीं है। शोरगुल पर पूर्णत: रोक लगनी चाहिए। चाहे दिन हो या रात शहर में डीजे के तेज शोर के कारण जीना मुहाल हो गया है। तेज शोर करने वाले यंत्रों को जब्त किया जाना चाहिए। कार्रवाई नहीं होने के कारण देर रात तक डीजे बजता रहता है।

एकल अभियान की जिला स्तरीय सत्संग प्रतियोगिता केवलारी ने जीती

सिवनी नवभारत। एकल अभियान की (अंचल) जिला स्तरीय सत्संग प्रतियोगिता का आयोजन डी पी कालेज के पास कृष्णम गार्डन सिवनी में हुआ जिसमें जिले के 11 संच आदेगाँव, लखनादौन, धूमा शिकारा, केवलारी , धनौरा पलारी, धनोरा, घंसौर मुंगवानी छपारा से आई हुई मंडलियों ने अपनी प्रस्तुति दी जज की भूमिका में बैठे 4 निर्णयको ने फैसला सुनाते हुए केवलारी संच की मंडली को विजेता घोषित किया इसके बाद अब जिले के केवलारी संच की मंडली 27 फरवरी को संभाग जबलपुर में अपनी प्रस्तुति देगी इस कार्यक्रम में प्रथम द्वितीय तृतीय पुरस्कार सहित शील्ड प्रशस्ति पत्र और सांत्वना पुरस्कार भी सभी मंडली को दिए गए साथ ही भोजन की भी व्यवस्था सभी लोगों के लिए की गई इस सत्संग प्रतियोगिता कार्यक्रम में डॉ. केके चतुर्वेदी डॉ. राजेंद्र बघेल शंकर दहिया चंद्रशेखर सनोडिया ठाकरे राकेश नागफासे शरद दुबे निलेश चौधरी परशुराम बघेल सहित भाग टोली अंचल टोली व 11 संच से आई समिति सहित सैकड़ो की संख्या में दर्शकगण मौजूद रहे।

परीक्षा केंद्र में नकल पाये जाने पर केंद्र प्रभारी एवं पर्यवेक्षकों को नोटिस जारी

सिवनी नवभारत। जिला शिक्षा अधिकारी सिवनी द्वारा 17 फरवरी को आयोजित हाईस्कूल परीक्षा के दौरान जिला स्तरीय उड़नदस्ता द्वारा परीक्षा केंद्र शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय चमारीखुर्द के निरीक्षण में एक छात्रा के पास नकल पाये जाने के प्रकरण को लापरवाही मानते हुए परीक्षा केंद्र केंद्राध्यक्ष नरेंद्र कुमार सोनी, सहायक केंद्राध्यक्ष जे के तिरकी, पर्यवेक्षक श्री कमलकांत पुसाम एवं श्रीमती सुकरतला मर्सकोले को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। समय सीमा में संतोषप्रद जवाब प्रसतुत न करने की स्थिति में संबंधितों पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी।